TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# 2024

10 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

प्रतिभाशाली व्यक्ति प्रश्न से पहले

उत्तर देख लेता है।

**रॉबर्ट ओपनहाइमर**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 10 अक्टूबर

1. **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस–** वैश्विक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कलंक के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन के पहल पर यह दिवस मनाया गया था। यह पहली बार वर्ष 1992 में मनाया गया था। 10 अक्टूबर, 2014 ई. को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति की घोषणा की गयी तथा भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 लाया गया।

2. **हेनरी कैवेण्डिस का जन्म–** प्रसिद्ध ब्रिटिश रसायनज्ञ और भौतिक विज्ञानी हेनरी कैवेण्डिस का जन्म 10 अक्टूबर, 1731 ई. को फ्रांस के नीस शहर में हुआ था। उन्होंने हाइड्रोजन की खोज की जिसे वे 'ज्वलनशील हवा' कहा करते थे। इसके अलावे उन्होंने विभिन्न गैसों के गुण, पृथ्वी की घनत्व की गणना भी किया। उन्होंने ने ही प्रकृति में नाइट्रोजन की उपलब्धता के बारे में लोगों को बताया।
   - **संदर्भः** बच्चों को विज्ञान विषय में 'तत्वों' के बारे में चर्चा करते हुए बतायें।

3. **फिजी की स्वतंत्रता–** 10 अक्टूबर, 1970 ई. को ही फिजी को यूनाइटेड किंगडम से आजादी प्राप्त हुई थी। प्रशांत महासागर में स्थित फिजी देश की खोज डच और अंग्रेजी खोजकर्ताओं ने की थी। फिजी उष्ण कटिबंधीय जलवायु में स्थित 322 द्वीपों का एक समूह देश है। इसकी राजधानी सुवा है और भाषा अंग्रेजी है।

4. **राष्ट्रीय डाक दिवस–** भारतीय डाक सेवा संचार व्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। इंडिया पोस्ट की स्थापना लॉर्ड डलहौजी के शासन काल में 1854ई. में हुई थी। यह दिवस पिछले सत्रह दशकों से भारतीय डाक द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की स्मृति में मनायी जाती है। यह दिवस विश्व डाक दिवस के विस्तार के रूप में भारत में मनाया जाता है। भारत में कोलकाता में वर्ष 1774 में पहले पोस्ट ऑफिस की स्थापना की गई थी। 1 जुलाई, 1876 ई. को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बना था। सदस्यता लेने वाला भारत प्रथम एशियाई देश था।

5. **बदरुद्दीन तैयबजी का जन्म–** बदरुद्दीन तैयबजी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता, वकील और राजनीतिज्ञ थे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के तीसरे अध्यक्ष थे। बाल गंगाधर तिलक पर राष्ट्रद्रोह के मुकदमें में तिलक को जमानत पर छोड़ने का फैसला तैयबजी ने ही किया। उन्होंने मुम्बई प्रसिडेंसी एसोसिएशन' की स्थापना की और मुसलमानों में शिक्षा के प्रचार के लिए 'अंजुमने इस्लाम' नामक संस्था को जन्म दिया था। उनका जन्म 1844 ई. में मुम्बई मे हुआ था।

T h u r s d a y



*Madhu priya*


मधु प्रिया


# राष्ट्रीय डाक सेवा 10 अक्टूबर

भारतीय डाक की सेवा को राष्ट्रीय डाक दिवस द्वारा सम्मानित किया जाता है, जो हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। वर्ष 1766 में यानी 252 साल पहले भारत में डाक व्यवस्था शुरू हुई। 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में पहला डाकघर स्थापित किया था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1947 में जारी किए गए पहले स्वतंत्रता टिकटों की संख्या तीन थी। उन्होंने अशोक स्तंभ, (भारत का राष्ट्रीय प्रतीक), भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और एक विमान का चित्रण किया। तब से भारत ने 3000 से अधिक डाक टिकट जारी किये हैं।

# जयंती विशेष 10 अक्टूबर

राकेश कुमार




**रासीपुरम कृष्णास्वामी नारायणस्वामी** Rasipuram *Krishnaswami Iyer Narayanaswami*, जन्म- 10 अक्टूबर, 1906, मद्रास; मृत्यु- 13 मई, 2001, चेन्नई, तमिलनाडु) प्रसिद्ध अंग्रेज़ी साहित्यकार थे। वह अंग्रेज़ी साहित्य के भारतीय लेखकों में तीन सबसे महान् उपन्यासकारों में से एक गिने जाते हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.10.2024

## सुलभ भाषा शिक्षण

सुलभ भाषा शिक्षण में, बच्चों को भाषा सीखने के लिए ऐसी विधियां अपनाई जाती हैं, जिनसे उन्हें विषय बोझिल न लगे और वे भाषा को आनंद से सीख सकें. इस तरह की शिक्षण विधियों में, बच्चों को भाषा के चारों कौशल (सुनना, बोलना, पढ़ना, और लिखना) को समान रूप से विकसित करने पर ज़ोर दिया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



बिहार का राजगीर शहर पांच पहाड़ियों से घिरा हुआ है:- विपुलगिरि, रत्नागिरि, स्वर्णगिरि, उदयगिरि, वैभागिरी।

राकेश कुमार

# TOB

## खेल कॉर्नर


## CRICKET



## T20Is क्रिकेट में भारत के सबसे सफल कप्तान 🇮🇳

| CAPTAIN | MATCH | WON | WIN % |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 62 | 50 | 80.65 |
| एमएस धोनी | 72 | 42 | 58.33 |
| विराट कोहली | 50 | 32 | 64 |
| हार्दिक पांड्या | 16 | 10 | 62.5 |
| सूर्यकुमार यादव | 11 | 9 | 81.82 |

# TOB बूझो तो जानें..




454


हरी झंडी लाल कमान, तोबा तोबा करे इंसान है.....
बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व मानसिक
स्वास्थ्य दिवस
10 अक्टूबर
सकारात्मक सोचें स्वस्थ्य रहें
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



# आर. के. नारायण


10 अक्टूबर 1906-13 मई 2001

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# श्रद्धांजलि

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## रतन टाटा

जन्म 28 दिसम्बर 1937-मृत्यु 9 अक्टूबर 2024

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
उद्योगपति
रतन टाटा जी
को भावपूर्ण श्रद्धांजलि
28 दिसंबर 1937 - 9 अक्टूबर 2024
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari


पुण्यतिथि पर नमन
10 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जगजीत सिंह
8 फरवरी 1941 - 10 अक्टूबर 2011
Madhu priya
www.teachersofbihar.org